**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 10-09-2025**

- **मण्डलायुक्त बस्ती व डीआईजी बस्ती द्वारा नेपाल राष्ट्र में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन के दृष्टिगत सीमा क्षेत्र ककरहवा व अलीगढ़वा बार्डर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।**
- **सुरक्षा एजेंसियों एवं पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने व 24×7 अलर्ट मोड में रहने हेतु दिये आवश्यक दिशा-निर्देश। सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 10.09.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर के साथ नेपाल राष्ट्र में हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दृष्टिगत भारत-नेपाल बॉर्डर के ककरहवा थाना मोहाना व अलीगढ़वा थाना कपिलवस्तु बार्डर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान सीमा पर तैनात पुलिस बल एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने, लगातार गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों/असामाजिक तत्वो की चेकिंग करते हुये विशेष सतर्कता बरतने एवं सभी अधिकारी/कर्म0गण को 24×7 अलर्ट मोड पर रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद , क्षेत्राधिकारी सदर श्री विश्वजीत शौर्य,एसडीएम सदर, एसएसबी के असिस्टेन्ट कमाण्डेन्ट, थानाध्यक्ष मोहाना,थानाध्यक्ष कपिलवस्तु व पुलिस / सुरक्षा एजेंसियों के अन्य अधिकारी/कर्म0गण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**